**बुलेटिन #008**
**विनियमित टैक्सी मीटर रेट एडजस्टमेंट**
**सामुदायिक विकास समिति रिपोर्ट**
अप्रैल, 2022

इस बुलेटिन का उद्देश्य उद्योग हितधारकों को 20 अप्रैल, 2022 से पहले पोस्ट की जाने वाली विनियमित टैक्सी मीटर रेट एडजस्टमेंट रिपोर्ट के आगामी प्रकाशन के बारे में सूचित करना है। रिपोर्ट बुधवार, 27 अप्रैल, 2022 को सामुदायिक विकास समिति के सामने प्रस्तुत की जाएगी।

समिति मीटिंग का एजेंडा और विनियमित टैक्सी मीटर रेट एडजस्टमेंट रिपोर्ट और संलग्नक निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध कराए जाएंगे: https://www.calgary.ca/ca/city-clerks/legislative-services/agenda-minutes.html

**सामुदायिक विकास समिति के सामने प्रस्तुत**

इस मीटिंग में भाग लेने के लिए आप:

- http://video.isilive.ca/calgary/live.html पर लाइव स्ट्रीम का उपयोग करके समिति की बैठक में भाग ले सकते हैं।
- पब्लिक सबमिशन फ़ॉर्म का उपयोग करके लिखित में जमा करें।
- जो लोग अपनी राय देना चाहते हैं, उन्हें दूरस्थ रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पब्लिक सबमिशन फ़ॉर्म का उपयोग कर पंजीकरण करें और अपनी राय दें, जिसके बाद आपको कॉल करने के तरीके के बारे में और अधिक जानकारी दी जाएगी।
- कृपया ध्यान दें, एजेंडा की आम सुनवाई के दौरान आम जनता समिति के सामने पाँच मिनट के लिए अपनी राय प्रस्तुत कर सकती है। यदि आप राय देना चाहते हैं, तो कृपया अपनी टिप्पणियों को रिपोर्ट में निहित मामलों और चर्चा अधीन अनुशंसित कार्रवाइयों तक ही सीमित रखें।

**यह बुलेटिन Calgary.ca पर अम्हारिक, अरबी, हिंदी, पंजाबी, सोमाली और उर्दू में भी उपलब्ध है।**

यदि विनियमित टैक्सी मीटर रेट एडजस्टमेंट रिपोर्ट के संबंध में आपके अतिरिक्त प्रश्न पूछने हैं, तो कृपया ltsengagement@calgary.ca पर संपर्क करें।

भवदीय,

अब्दुल रफ़ीह
मुख्य लिवरी निरीक्षक
कैलगरी कम्युनिटी स्टैंडर्ड्स